उन्नत भारत अभियान योजना के तहत सहभागी संस्थाओं की आमुखीकरण कार्यशाला संपन्न

उदयपुर दिनांक 26 दिसम्बर 2022। उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक संस्थान कार्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालयए उदयपुर द्वारा आयोजित उन्नत भारत अभियान योजना के तहत सहभागी संस्थाओं के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सफलता पूर्वक संपन्न हुयी । उन्मुखीकरण कार्यशाला में उन्नत भारत अभियान के तहत आने वाले समस्त सहभागी संस्थाओं के संयोजको के साथ ही स्वंसेवी संस्थाओ के अधिकारिओं ने हिस्सा लियाद्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एस के शर्मा , अनुसन्धान निदेशक महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालयए उदयपुर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में श्री राहुल भटनागर, भारतीय वन सेवा अधिकारी एवं श्री सी एम तेजावतए पूर्व अतिरिक्त निदेशकए वाटरशेड विभाग उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ एस के शर्मा एवं डॉ पी के सिंह डीन, सीटीऐई एवं रीजनल कोऑर्डिनेटर उन्नत भारत अभियान के द्वारा किया। डॉण् एसण् केण् शर्मा के द्वारा उन्नत भारत अभियान के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा शिक्षा के साथ .साथ एवं सामाजिक गतिविधिओं में भी संलग्न रहने की महत्ता पर भी जोर दिया । डॉ सिंह ने बताया की उन्नत तकनीकियों का उपयोग करके कैसे ग्रामीण जीवन शैली को बदला जा सकता है। डॉ सिंह ने उन्नत भारत अभियान की विभिन्न गतिविधियों एवं उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला , साथ ही डॉ महेश कोठारी ने बताया की कैसे उच्च शिक्षा संस्थान अपना योगदान ग्रामीण परिवेश को उन्नत बनाने में कर सकते है । श्री सी एम तेजावत ने वाटरशेड गतिविधि एवं जल गुणवत्ता से सम्बंधित जानकरी अधिकारिओं के साथ साझा की। कार्यक्रम के दौरान सृष्टि सेवा समिति एवं महान सेवा समिति के अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार उन्नत भारत अभियान के अधिकारिओं के समक्ष रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय कुमार गौतम ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ विनय कुमार गौतमए निर्मला नाथ, जरिपती राजू द्वारा लिखित किताब का भी विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मंजीत सिंह मृदा जल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संपन्न कराने में मृदा जल अभियांत्रिकी विभाग के समस्त छात्रों का योगदान रहा

उन्नत भारत अभियान 2.0
“ उन्नत भारत अभियान योजना के तहत सहभागी संस्थाओं के लिए
एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला ”
दिनांक . 26 दिसम्बर, 2022,
आयोजक:
क्षेत्रीय समन्वयक संस्थान कार्यालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान-313001